प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 11.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने कहा– देश में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, एक दिन में 51 लाख से अधिक सिलेंडर की हो रही है डिलीवरी, "जग विक्रम" पोत ने होरमुज़ जलडमरूमध्य किया पार।
2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वीर शहीद सिदो–कान्हू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, उनके साहस और बलिदान को बताया प्रेरणास्रोत।
3. रांची में 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, सीबीआई और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब।
4. हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी से हुई अवैध वित्तीय निकासी को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग।

और

5. रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में कल से इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 का होगा आगाज, रेलवे, इंडियन ऑयल, एयरफोर्स, आर्मी और नेवी के करीब 225 खिलाड़ी लेंगे भाग।

******************

सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य है और कल 51 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलीवरी की गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में तीन हजार चार सौ से अधिक छापेमारी की गई है। सरकार ने यह भी बताया कि उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति बढ़ाई जा रही है और पीएनजी कनेक्शन में भी तेजी आई है। भारत का एलपीजी पोत "जग विक्रम" सुरक्षित रूप से होरमुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुका है और 15 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की संभावना है।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन ने आज मोरहाबादी स्थित सिदो–कान्हू उद्यान में हूल विद्रोह के महानायक सिदो–कान्हू की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों की भूमि है और यहां के आदिवासी एवं मूलवासी समुदाय ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि सिदो–कान्हू का जीवन संघर्ष, साहस और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है।

******************

34वें राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में सीबीआई के गवाह पकज यादव की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में सीबीआई और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है. कोर्ट ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है. प्रार्थी ने अपने खिलाफ बरियातू थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है।

******************

हजारीबाग जिले में 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आठवां संस्करण मनाया जा रहा है। इस 15 दिवसीय अभियान का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को मजबूत करना तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाना है।

******************

चतरा जिले में होमगार्ड बहाली को लेकर उपायुक्त कीर्ति श्री ने अभ्यर्थियों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बहाली प्रक्रिया में मेरिट को प्राथमिकता दी जाएगी और किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर चाईबासा में डीएमएफटी फंड और अवैध आयरन ओर परिवहन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रोजाना 40 से 60 हाईवा के जरिए अवैध खनिज परिवहन हो रहा है, जिससे आदिवासी लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है और प्रशासन की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर इसे सरकार की मौन सहमति माना जाएगा। उन्होंने हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी घोटाले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से कराने की मांग की है।

******************

झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत किया है। रांची स्थित चैम्बर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में महिला सदस्यों ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की मांग लंबे समय से की जा रही थी और यह निर्णय उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

******************

महिला सशक्तिकरण आज के समाज की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

******************

लोहरदगा में जनगणना–2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाहरणालय के झारनेट सभाकक्ष में हुए इस प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर्स को आवश्यक जानकारी दी गई। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा कि इस बार जनगणना में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जाएगा, जिससे डेटा संग्रहण तेज, सटीक और सुरक्षित होगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल प्रणाली से रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी और इससे योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।

******************

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत लातेहार में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई । प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण, परिवार विवरण संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और डेटा की शुद्धता से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

******************

रांची में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में अखिल भारतीय किसान सभा का 90वां स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती, वीर सिदो–कान्हू और महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और भूमि संबंधी अधिकारों की मांग की। नेताओं ने कहा कि किसानों के हित में मांगों को लेकर पूरे राज्य में जन आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

******************

चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक करोड़ तीस लाख रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से अवैध कारोबार में संलिप्त थे। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने कहा है कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

******************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में कल से इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर के साथ रेलवे, इंडियन ऑयल, एयरफोर्स, आर्मी और नेवी के करीब 225 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग लेंगे।

*******समाप्त*******